**<u>लोक सभा</u>**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 359**

**18 दिसंबर, 2017 को उत्तर के लिए**

**सेल/आरआईएनएल की कार्य निष्पादनता**

**359. श्री पी. आर. सेनथिलनाथन:**
**श्रीमती के. मरगथम:**
**श्री हरिओम सिंह राठौड़:**
**मोहम्मद फैज़ल:**

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) और राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल) बिक्री बढ़ाने और ग्राहक सेवा के उच्चतम स्तर प्रदान करने पर ध्यान केन्द्रित कर रहे हैं:

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं;

(ग) विगत तीन वर्षों के प्रत्येक वर्ष के दौरान संयंत्र-वार देश में सभी इस्पात संयंत्रों के लौह अयस्क और तैयार इस्पात की कुल उत्पादन क्षमता, वास्तविक उत्पादन, खपत, आयात और निर्यात कितना है;

(घ) क्या देश में इस्पात संयंत्रों हेतु लौह अयस्क या कच्चे माल की आपूर्ति में कोई कमी है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा इस्पात उद्योग को और प्रभावी बनाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

**<u>उत्तर</u>**

**इस्पात राज्य मंत्री (श्री विष्णु देव साय)**

(क) और (ख): जी हाँ। सेल और आरआईएनएल दोनों बाजार का विस्तार करने, बिक्री से राजस्व प्राप्ति को अधिकतम बनाने और ग्राहक संतुष्टी के मोर्चे इत्यादि पर जोर देते रहे है। सेल और आरआईएनएल द्वारा अपनी विद्यमान और नई मिलो में उत्पाद/ग्रेड के मिश्रण का विस्तार किये जाने के साथ ही दोनों कम्पनियों ने भारत और विदेशों में अपने बाजार का विस्तार किया है, जैसे कि सेल ने तेल एवं गैस, ड्रम एवं बैरल बाजार और घरेलू मोर्चे पर निर्माण क्षेत्र में प्रवेश किया है तथा विदेशी बाजारों में भी प्रवेश किया है, यथा - जिबूती में बिलेट के लिए, ताईवान में हॉट रोल्ड क्वायल के लिए, फिलीपींस में वॉयर रॉड क्वायल और बिलेट के लिए, थाईलैण्ड में ब्लूम के लिए, बांग्लादेश में कोल्ड रोल्ड क्वायल के लिए, जापान

में वायर रॉड क्वायल के लिए तथा सिंगापुर में टीएमटी बार्स/क्वायल के लिए इत्यादि। इसी प्रकार, आरआईएनएल अपने डीलरों और ई-रिटेलरों समेत रिटेलरों के बड़े नेकवर्क के जरिये शहरी, अर्धशहरी और ग्रामीण ग्राहकों की आवश्यकताओं को पूरा कर रहा है। विदेशों के संबंध में आरआईएनएल ने नए निर्यात बाजारों यथा अमेरिका, फिलीपींस और श्रीलंका में प्रवेश किया है।

सेल और आरआईएनएल दोनों ने ग्राहकों की आवश्कता के मुताबिक बुकिंग ऑर्डर समेत ग्राहक संतुष्टि के संबंध में विभिन्न पहल की है।

(ग): लौह अयस्क और फिनिश्ड इस्पात दोनों के संबंध में कुल उत्पादन क्षमता, वास्तविक उत्पादन खपत, आयात और निर्यात के आकड़े क्रमशः अनुलग्नक I और अनुलग्नक II में दिए गए है।

(घ) और (ङ): जी नहीं। देश में घरेलू खपत को पूरा करने के लिए लौह अयस्क की पर्याप्त उपलब्धता है। घरेलू इस्पात उद्योगों के लिए लौह अयस्क की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु निम्नलिखित कदम उठाए है:-

(i) माईन्स एण्ड मिनरल्स (डेवलेपमेंट एण्ड रेग्यूलेशन) एमेंडमेंट एक्ट, 2015 को अधिसूचित किया गया है, जिसमें खनन पट्टे प्रदान करने के लिए नीलामी तंत्र का प्रावधान है।

(ii) 58 प्रतिशत से अधिक लोहांश की मात्रा वाले लौह अयस्क लम्प/फाईन्स पर 30 प्रतिशत की दर से निर्यात शुल्क लगाया गया है।

(iii) घरेलू इस्पात क्षेत्र के दीर्घकालीन विकास को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से राष्ट्रीय इस्पात नीति, 2017 अधिसूचित की गई है।

*****

**<u>अनुलग्नक –I</u>**

**(लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 359 दिनांक 18.12.2017)**

**I. लौह अयस्क:** विगत पांच वर्षों और अप्रैल से सितंबर, 2017 हेतु वर्षवार लौह-अयस्क का उत्पादन, आयात और निर्यात संबंधी आंकड़े नीचे तालिका में दर्शाये गए हैं:

| **विगत पांच वर्षों के दौरान लौह अयस्क का उत्पादन, आयात, निर्यात (मिलियन टन में)** | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **मद** | **2014-15** | **2015-16** | **2016-17*** | **अप्रैल-सितंबर, 2017*** |
| उत्पादन | 128.91 | 155.59 | 192.18 | 93.75 |
| खपत | 113.48 | 122.10 | 131.38 | 141.37** |
| आयात | 12.09 | 7.09 | 4.60 | 2.82 |
| निर्यात | 7.30 | 5.32 | 30.49 | 11.39 |
| स्रोत-आयात और निर्यात: डीजीएफटी; उत्पादन: आईबीएम, नागपुर; *अनंतिम.. **वर्ष 2017-18 के लिए (वर्ष हेतु प्रक्षेपण) (खान मंत्रालय का आईबीएम/वार्षिक रिपोर्ट) | | | | |

**अनुलग्नक –II**

**(लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 359 दिनांक 18.12.2017)**

**II. फिनिश्ड इस्पात:**

**(क) फिनिश्ड इस्पात का उत्पादन, खपत, आयात और निर्यात :**

| **विगत पांच वर्षों के दौरान लौह अयस्क का उत्पादन, आयात, निर्यात (मिलियन टन में)** | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **फिनिश्ड इस्पात** | **2014-15** | **2015-16** | **2016-17** | **अप्रैल-अक्टूबर, 2017*** |
| बिक्री हेतु उत्पाद | 92.16 | 90.98 | 101.81 | 61.26 |
| खपत | 76.99 | 81.82 | 84.04 | 50.37 |
| आयात | 9.32 | 11.71 | 7.23 | 4.92 |
| निर्यात | 5.59 | 4.08 | 8.24 | 5.63 |
| स्रोत- जेपीसी, इस्पात मंत्रालय की 2016-17 की वार्षिक रिपोर्ट *अनंतिम. | | | | |

**(ख) इकाईवार उत्पादन :**

| **फिनिश्ड इस्पात का बिक्री हेतु उत्पादन** | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (नॉन-अलॉय & अलॉय इस्पात) (हजार टन में) | | | | | |
| संयंत्र | | **2014-15** | **2015-16** | **2016-17** | **अप्रैल-अक्टूबर 17 *** |
| क | सार्वजनिक क्षेत्र | | | | |
| | भिलाई स्टील प्लांट | 3321 | 3271 | 3134 | 1814 |
| | दुर्गापुर स्टील प्लांट | 573 | 503 | 534 | 363 |
| | राउरकेला स्टील प्लांट | 2110 | 2168 | 2461 | 1632 |
| | बोकारो स्टील प्लांट | 3207 | 2472 | 3204 | 2054 |
| | इस्को स्टील प्लांट | 120 | 436 | 856 | 584 |
| | अलॉय स्टील प्लांट | 11 | 16 | 11 | 5 |
| | सेलम स्टील प्लांट | 359 | 390 | 412 | 106 |
| | विश्वेश्वरैया आयरन एंड स्टील प्लांट | 26 | 46 | 29 | 14 |
| | सेल-कन्वर्जन एजेंट | 553 | 909 | 1006 | 435 |
| | राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड | 2552 | 2766 | 3219 | 2097 |
| **कुल योग (क) :** | | 12832 | 12977 | 14866 | 9104 |
| ख | निजी क्षेत्र | | | | |
| | टाटा स्टील लिमिटेड | 8967 | 9527 | 11115 | 7058 |
| | एस्सार स्टील | 5422 | 6314 | 7916 | 5553 |
| | जेएसडब्ल्यू स्टील | 16809 | 17197 | 21161 | 12261 |
| | जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड | 2790 | 2512 | 2640 | 1547 |
| | अन्य | 53862 | 54376 | 58213 | 31642 |
| घटाया - स्वयं की खपत | | 8525 | 11923 | 14105 | 5903 |
| **कुल योग (ख) :** | | 79325 | 78003 | 86940 | 52158 |
| बिक्री हेतु कुल उत्पादन (क+ख) | | 92157 | 90980 | 101806 | 61262 |
| स्रोत ; जेपीसी *अनंतिम आंकड़े | | | | | |